Jansatta Edition Delhi
1.1.2017 Page 10
Height 15.20cm Width 11.38 cm

मदर डेयरी के 1000 बूथों पर 'आधार' से जुड़ी डिजिटल भुगतान की सुविधा

नई दिल्ली, 31 दिसंबर (भाषा)।

मदर डेयरी ने दूध बिक्री के अपने बूथों व सफल केंद्रों पर आधार आधारित भुगतान प्रणाली स्थापित कर दी है। मदर डेयरी के इन बूथों पर अब ई-वालेट व स्मार्टचेंज कार्ड सहित अन्य डिजिटल माध्यमों से भुगतान किया जा सकेगा।

मदर डेयरी फ्रूट एंड वेजीटेबल प्राइवेट लिमिटेड के बयान में यह जानकारी दी गई है। कंपनी के व्यापार प्रमुख संदीप घोष ने कहा है कि कंपनी के अधिकारियों ने 27 दिसंबर को ही आधार सक्षम भुगतान प्रणाली (एइपीएस) शुरू करने का फैसला किया। कंपनी ने रिकार्ड तीन दिनों में ही 1000 से अधिक बूथों पर यह प्रणाली लागू कर दी। कंपनी का कहना है कि इसका संचालन इलेक्ट्रॉनिक्स व सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के तत्त्वावधान में सीएससी ई-गवर्नेंस सर्विस इंडिया के सहयोग से किया जाएगा। मदर डेयरी फ्रूट एंड वेजीटबल प्रालि के प्रबंध निदेशक एस नागराजन का कहना है कि उसकी इस पहल से उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि हमें खुशी है कि अब हम आधार की सुविधा वाली भुगतान प्रणाली के जरिए ग्राहकों के लिए लेन-देन को और अधिक सरल बनाने जा रहे हैं। कंपनी के कारोबार प्रमुख संदीप घोष ने कहा कि हमने 27 दिसंबर को निर्णय किया कि हम अपने सभी बूथों पर एइपीएस (आधार से जुड़ी भुगतान प्रणाली) लागू करेंगे और अब तक 1000 दूध और सफल बूथ पर यह सुविधा कर दी गई है।